# शिक्षक भर्ती में हुई अनियमितता

## उत्तराखंड क्रांति दल ने निष्पक्ष जांच के लिए राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ताओं ने सोबन सिंह जीना विवि में संचालित शिक्षक भर्ती एवं चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमित. ताओं का आरोप लगाते हुए जिला. धिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता, आरक्षण रोस्टर के अनुप्रयोग तथा हितों के टकराव जैसे मुद्दों को उठाते हुए स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। यूकेडी के संगठन मंत्री त्रिलोक सिंह लटवाल ने आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय में आरक्षण रोस्टर का अनुप्रयोग शासनादेशों एवं यूजीसी दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट नहीं है कि रोस्टर को विश्वविद्यालय को एक इकाई मानकर लागू किया गया है अथवा विभाग एवं परिसर स्तर पर, जिससे



आरक्षण के वास्तविक लाभार्थियों के अधिकार प्रभावित हो सकते हैं। आरा. प लगाया कि विवि के कुलसचिव स्वयं प्रोफेसर पद के अभ्यर्थी बताए जा रहे हैं, जबकि वे स्क्रीनिंग, प्रारंभिक जांच, विषय विशेषज्ञों के चयन एवं पत्राचार जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में भी संलिप्त हैं। इसके अलावा उनके निकट संबंधियों के भी अभ्यर्थी होने की सूचना होने से चयन प्रक्रिया की निष्पक्षता पर गंभीर प्रश्न खड़े हो रहे हैं। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने इसे प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत 'निमो जुडेक्स इन कॉसा सुआ' अर्थात 'कोई व्यक्ति अपने ही मामले में न्यायाधीश नहीं हो सकता' के विप. रीत बताते हुए चयन प्रक्रिया की वैधता पर सवाल उठाए हैं। साथ ही वर्तमान कुलसचिव की अधिकारिता एवं विधिक स्थिति की भी जांच कराने की मांग की गई है। ज्ञापन में राज्यपाल से मांग की गई है कि मामले की स्वतंत्र जांच कराई जाए, जांच पूरी होने तक चयन प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए तथा जिन अधिकारियों पर हितों के टकराव का संदेह है उन्हें प्रक्रिया से अलग किया जाए। इसके अलावा आरक्षण रोस्टर की वैधानिक समीक्षा एवं भविष्य में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की भी मांग की गई है। यूकेडी कार्यकर्ताओं ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए तथा उन्हें जांच की प्रगति से भी अवगत कराया जाए। यहां जिलाध्यक्ष दिनेश जोशी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष पान सिंह लटवाल, पंकज सिंह कपकोटी, जिला महामंत्री देवेश जोशी, सैनिक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष चंदन सिंह मसूनी, गिरीश नाथ गोस्वामी, पवन कुमार आदि मौजूद रहे।

# महापौर दीपक बाली ने किया 6 सड़कों का शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** महापौर दीपक बाली ने विभिन्न वार्डों में 74 लाख 18 हजार रुपए की लागत से बनने वाली 6 सड़कों का शिलान्यास किया। इससे पूर्व वार्डवासियों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने कहा कि काशीपुर क्षेत्र की कोई भी सड़क बगैर बने नहीं रहेगी और वह काशीपुर को गड्ढा मुक्त करने के लिए अपने किए गए वायदे के अनुसार दिन-रात लगे हुए हैं। महापौर ने संबंधित ठेकेदारों को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर पार्षद बीना नेगी मयंक मेहता व पार्षद तबस्सुम के साथ-साथ महापौर प्रतिनिधि चौधरी समरपाल सिंह जसवीर सिंह सैनी विपिन अरोड़ा जयदीप ढोंडियाल मंडल महामंत्री बूथ अध्यक्ष ज्योतिर्मय बिष्ट कुंदन बिष्ट संजीव माटा प्रकाश नेगी गौरव अग्रवाल सौरभ अग्रवाल शोभित अग्रवाल ऋषि अग्रवाल अंकुश अग्रवाल मीना अग्रवाल महेंद्र प्रधान प्रताप सिंह बजेटा अरविंद सिंह गांधी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### काशीपुर में बाप के लात मारने से बेटी का हुआ गर्भपात, पिता पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** एक युवती ने अपने पिता पर उसको व उसकी मां की पिटाई करने और उसके पेट पर लात मारकर उसका गर्भपात करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मानपुर रोड निवासी एक युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 16 मई की शाम उसके घर के आगे उसके पापा ने नशे में आकर उसके व उसकी मां के साथ गाली गलौज व बदतमीजी की। उसने बताया कि जब उन्होंने उनसे लड़ाई झगड़े व गाली गलौज करने से मना किया गया तो उसके पापा ने दोनों के साथ मारपीट की। इस मारपीट के दौरान उसके पापा ने उसके पेट पर लात मारी, जिससे उसका गर्भपात हो गया। युवती ने बताया कि उसके पापा उससे व उसकी मां से विगत 10 सालों से अलग रहते हैं और पहले भी कई बार उसके व उसकी मां के साथ लड़ाई झगड़ा व मारपीट कर चुके हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवती के पापा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 351(3), 89 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो लोगों पर दीवार तोड़ने का आरोप

**काशीपुर।** कोतवाली आईटीआई क्षेत्र में जमीनी विवाद को लेकर एक व्यक्ति ने दो लोगों पर प्रशासन की मौजूदगी में बनाई गई दीवार का हिस्सा तोड़ने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई एवं सुरक्षा की मांग की है। दुर्गा मंदिर वाली गली, रामनगर रोड निवासी जितेंद्र अरोरा ने कोतवाली आईटीआई में तहरीर देकर बताया कि खड़कपुर देवीपुरा स्थित उसके पिता की कृषि भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज है। आरोप है कि कुछ लोगों ने पूर्व में उसकी जमीन पर अवैध कब्जे का प्रयास किया था। विरोध करने पर उसके और उसके पिता ओमप्रकाश के साथ अभद्रता कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। बकौल पीड़ित, लगातार मानसिक तनाव के चलते उसके पिता की 21 अप्रैल 2026 को आकस्मिक मृत्यु हो गई थी। इसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। एसडीएम अभय प्रताप सिंह के निर्देश पर राजस्व विभाग ने भूमि की पैमाइश कर पुरानी नींव और भूमि को सही पाया था। प्रशासन ने मौके से कथित अतिक्रमण भी हटवाया था। जितेंद्र अरोरा ने बताया कि 20 मई को खेत पर पहुंचने पर दीवार का हिस्सा टूटा मिला। कोतवाली आईटीआई प्रभारी विक्रम राठौर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**काशीपुर।** पिछले काफी लंबे समय से रेलवे ट्रैक के पास कोयला अनलोडिंग की तरफ कच्ची शराब बिक्री की शिकायतें प्राप्त हो रही थी। जिसको रेलवे पुलिस चौकी प्रभारी तरन्नुम सईद ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आज मुखबिर की सटीक सूचना पर टांडा उज्जैन निवासी कंचन सिंह पुत्र लाल सिंह को कोयला अनलोडिंग की तरफ से 64 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। रेलवे पुलिस अब आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने की तैयारी में जुटी है।

### उदयराज कालेज में किया गया पौधारोपण

**काशीपुर।** उदयराज हिंदू इंटर कालेज जीवविज्ञान वाटिका में प्रधानाचार्य बृजेश कुमार गुप्ता समेत शिक्षकों ने आम, अमरूद, अनार, पपीता, बेलपत्र, कनेर साइकस समेत विभिन्न प्रजातियों के फलदार, औषधीय पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर बायोलॉजी प्रवक्ता कौशलेश गुप्ता ने बताया कि गर्मियों में वृक्षारोपण से पर्यावरण और मानव जीवन पर भीषण गर्मी के प्रभाव को कम करने तथा भविष्य के लिए पारिस्थितिकी संतुलन बनाए रखने में मदद की संभावना बनी रहेगी। प्रधानाचार्य श्री गुप्ता ने पौधों की देखभाल को अति आवश्यक बताया। इस दौरान मेजर मुनीशकांत शर्मा वरिष्ठ प्रवक्ता महेश चंद्र आर्या विजयपाल सिंह चौहान दिनेश चंद्र गोस्वामी जयदीप सिंह समेत शिक्षक छात्र मौजूद रहे।

### दमकल टीम की तत्परता से टला बड़ा हादसा

**अल्मोड़ा।** फायर सर्विस रानीखेत ने विभिन्न क्षेत्रों में लगी जंगल की आग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कई रिहायशी इलाकों को सुरक्षित बचाया। अग्निशमन केंद्र को रिची, चिलियानौला, देवलीखेत, डिग्री कालेज क्षेत्र समेत अन्य स्थानों पर वनाग्नि की सूचनाएं मिलीं, जिसके बाद टीम तत्काल मौके पर पहुंची। रिची क्षेत्र में तेजी से फैल रही आग को एमएफई पंपिंग व होजरील की मदद से नियंत्रित किया गया। शुक्रवार दोपहर करीब तीन बजे तक कई स्थानों पर आग आवासीय क्षेत्रों की ओर बढ़ रही थी, जिसे समय रहते बुझा लिया गया। पानी समाप्त होने पर जल संस्थान से वाहन में दोबारा पानी भरकर अभियान जारी रखा गया। वहीं मासी रोड-जालली चमनपुरी मार्ग पर गिरे पेड़ की सूचना पर पहुंची टीम ने लौटते समय रास्ते में लगी आग भी बुझाई।

### जैव विविधता पर मिलकर काम करेंगे

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि और पेंच इंस्टीट्यूट ऑफ पांडिचेरी के बीच शैक्षणिक अनुसंधान एवं वैज्ञानिक सहयोग को बढ़ावा देने हेतु समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। शुक्रवार को जंतु विज्ञान विभाग में आयोजित कार्यक्रम में कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट और वैज्ञानिक डा. जूलियन मलार्ड-एडम ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत जैव विविधता संरक्षण, प्राकृतिक कृषि, जैविक कीट प्रबंधन, वन्यजीव संरक्षण और परागण कर्ता विविधता पर संयुक्त शोध कार्य किए जाएंगे।

# आईएमटी के विद्यार्थियों ने 'वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप' में प्राप्त किए पदक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** सत्येंद्र चंद गुड़िया ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशंस के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ में आयोजित वुडबॉल नेशनल चैंपियनशिप में धमाकेदार प्रस्तुति देते



हुए रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किए। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. निमिषा अग्रवाल ने बताया कि 14 से 17 मई के मध्य छत्तीसगढ़ के रायपुर नगर के कृष्णा विकास ग्लोबल स्कूल में आयोजित 20 वीं सीनियर एवं 14वीं जूनियर नेशनल वुडबॉल चैंपियनशिप में संस्थान के बीकॉम (ऑनर्स) द्वितीय सेमेस्टर के छात्र अथर्व चौधरी ने रजत एवं निष्कर्ष चौधरी ने कांस्य पदक अर्जित कर संस्थान का नाम रोशन किया है। दोनों ही छात्रों का प्रदर्शन अभूतपूर्व रहा। छात्रों ने यह सफलता प्रतियोगिता की जूनियर कैटेगरी में प्राप्त करी। संस्थान के क्रीड़ा प्रभारी दीपक गुप्ता का विद्यार्थियों के शारीरिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान है जिससे विद्यार्थी लगातार खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर संस्थान की चेयरमैन विमला गुड़िया सहित समस्त प्रबन्ध समिति, निदेशक गण, प्राचार्य, प्राध्यापक एवं समस्त स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिए सैम्पल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** क्षेत्र में अभियान चलाकर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने तीन खाद्य पदार्थों के नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपर्णा शाह ने सीएम हेल्प लाइन व विभाग से की गई शिकायत के आधार पर मिष्ठान विक्रेता, दुग्ध डेयरी व एक ढाबा समेत सात दुकानों को निरीक्षण करके जांच की। उन्होंने बताया एक शिकायत के आधार पर ग्राम बाबरखेड़ा स्थित एक मिष्ठान विक्रेता के यहां से मावा बर्फी के सैंपल लेकर जांच के भेजा गया है। ग्राम सरवरखेड़ा में एक ढाबा संच. ालक पर आरोप था कि वहां बासी भोजन परोसा जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित ढाबा से उड़द-राजमा की पकी दाल का सैंपल लेकर जांच को भेजा गया है।

# विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पन्तनगर।** गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर बीएससी (कृषि) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने व्यावसायिक मधुमक्खी पालन पर आधारित मूल्य संवर्धित उत्पादों की प्रदर्शनी आयोजित की। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति डा. एसके कश्यप ने दीप



प्रज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने पोस्टर और चार्ट्स के माध्यम से मधुमक्खियों के महत्व को प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में व्हिप्ड हनी प्रीमिक्स, बीवैक्स मोमबत्तियां, हनी फेस मिस्ट, लिप बाम, हनी चोकोबाइट, हनी चीजकेक, हनी ग्लेज्ड मखाना, प्रोपोलिस माउथवॉश और कार फ्रैशनर जैसे नवाचारपूर्ण उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। कुलपति ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए विश्वविद्यालय में 'बी कॉम्ब पार्क' विकसित करने की परिकल्पना साझा की। कार्यक्रम में निदेशक शोध डा. एसके वर्मा, अधिष्ठाता कृषि डा. राघव, निद. ेशक संचार डा. जेपी जायसवाल सहित कई अधिकारी, शिक्षक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे। कार्यक्रम ने मधुमक्खी पालन और परागणकर्ताओं के संरक्षण के महत्व को प्रभावी ढंग से उजागर किया।

# घनेली के समीप जंगल में अचानक लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विकासखंड घनेली के समीप जंगल में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें तेजी से फैलते हुए जंगल के बड़े हिस्से को अपनी चपेट में लेने लगीं। घटना की सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। दरअसल, इन दिनों बढ़ती गर्मी के बीच वनाग्नि की घटनाएं तेजी से बढ़ रही है। जिलेभर के अलग-अलग स्थानों में आए दिन वनाग्नि की घटनाएं सामने आ रही है। इधर अब, शुक्रवार को हवालबाग के ग्राम पंचायत घनेली से सटे जंगल में अचानक आग धधक उठी। आग लपटे तेजी से गांव की ओर से बढ़ने लगी। ग्रामीणों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी।

# चार मेडिकल स्टोर संचालकों से मांगा स्पष्टीकरण

**अल्मोड़ा।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जनपद न्यायाधीश श्रीकांत पाण्डेय के मार्गदर्शन में शुक्रवार को सुरक्षित दवा-सुरक्षित जीवन अभियान के तहत चौक बाजार स्थित विभिन्न मेडिकल स्टोरों का संयुक्त औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक्सपायरी दवाइयों, मेडिकल स्टोर लाइसेंस और कैश मेमो की जांच की गई। निरीक्षण में अनियमितताएं मिलने पर चार मेडिकल स्टोर संचालकों को सात दिन के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। साथ ही दुकानदारों को ग्राहकों को बिल देने, एक्सपायरी बॉक्स बनाने और साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

# उद्योग-शिक्षा समन्वय की दिशा में बढ़ा विवि

## 'इंडस्ट्री एकेडेमिया मीट' का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पन्तनगर।** गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय द्वारा 21 मई 2026 को सिडकुल, रुद्रपुर स्थित प्रमुख उद्योगों के साथ समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से 'इंडस्ट्री एकेडेमिया मीट' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 50 उद्योगों ने सहभागिता की, जिसमें विभिन्न उद्योगों के प्लांट हेड एवं एचआर हेड उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रोफेसर एसके कश्यप ने कहा कि विश्वविद्यालय उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप शोध की प्राथमिकताओं का निर्धारण करने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने बताया कि स्नातक एवं स्नातकोत्तर स्तर पर निर्धारित शोध विषयों को सरकार, उद्योगों तथा किसानों की आवश्यकताओं से सीधे



जोड़ा जाएगा, ताकि प्रत्येक शोध कार्य समाजोपयोगी एवं व्यावहारिक परिणाम देने वाला हो। कुलपति प्रोफेसर एसके कश्यप ने उपस्थित उद्योग प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए उन्हें पंतनगर परिवार का हिस्सा बताया तथा उनकी आवश्यकताओं और अपेक्षाओं से जुड़ने की विश्व. विद्यालय की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में उद्योगों की शोध आवश्यकताओं, प्रशिक्षण जरूरतों तथा कौशल विकास से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई, ताकि विश्वविद्यालय अपने शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों को उद्योगों की मांग के अनुरूप तैयार कर सके। साथ ही विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए इंटर्नशिप एवं प्रोजेक्ट कार्यों की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसी क्रम में आगामी ग्रीष्मावकाश के दौरान लगभग 200 विद्यार्थियों के लिए समर इंटर्नशिप योजना तैयार की गई। कुलपति ने यह भी कहा कि विश्व. विद्यालय का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को उद्योगों की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष एवं रोजगारोन्मुख बनाना है। इस प्रकार के संवाद कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव देने के साथ-साथ उद्योगों और शिक्षण संस्थानों के बीच मजबूत सेतु का कार्य करेंगे। कार्यक्रम में 'एकेडमिक सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी' की अवधारणा के अंतर्गत स्थानीय वनवासी कन्या छात्रावास की संचा. लिका वर्षा देवी को सम्मानित किया गया। साथ ही समाज सेवा के क्षेत्र में चल रहे सकारात्मक प्रयासों को सहयोग एवं प्रोत्साहन देने पर भी विचार किया गया। उद्योग प्रतिनिधियों ने गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के साथ पारस्परिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु अनेक सुझाव दिए। उन्होंने विश्वविद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे भविष्य की व्यापक संभावनाओं से जोड़ा तथा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

# नंदीगांव में तोड़ा गया अस्थाई गैरेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला प्रशासन के निर्देश पर शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) ने बागेश्वर-गिरेछीना मोटर मार्ग पर नंदीगांव क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। विभागीय टीम ने पुलिस बल की मौजूदगी में सड़क किनारे किए गए अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया। लोनिवि अधिकारियों के अनुसार अभियान की यह केवल शुरुआत है। सड़क किनारे जहां-जहां अतिक्रमण किया गया है, उन स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है और आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग ने बताया कि नंदीगांव के समीप गणेश जोशी द्वारा अस्थाई अतिक्रमण किए जाने की सूचना मिली थी। शिकायत के आधार पर विभागीय टीम मौके पर पहुंची और सड़क किनारे बने करीब 27 मीटर लंबे वाहन गैरेज को तुड़वाकर हटाया



गया। विभाग ने अन्य अतिक्रमणकारियों को भी स्वयं अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। ऐसा नहीं करने पर विभागीय कार्रवाई के तहत अतिक्रमण हटाया जाएगा। जिला प्रशासन ने बताया कि हाईकोर्ट के आदेशों के अनुपालन में सभी विभागों को अपनी-अपनी परिसंपत्तियों पर हुए अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में सिंचाई विभाग द्वारा तहसील रोड तथा लोनिवि द्वारा पिंडारी रोड, कांडा रोड समेत अन्य स्थानों पर चिन्हांकन कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं भी हो रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिले में कई रसूखदारों ने नदी किनारों और मुख्य सड़कों के आसपास बड़े-बड़े भवन खड़े कर दिए हैं, लेकिन उन पर कार्रवाई नहीं हो रही। लोगों का आरा. ेप है कि प्रशासन कमजोर और गरीब लोगों पर ही अतिक्रमण हटाने का डंडा चला रहा है।

# बीस सूत्रीय कार्यक्रम में बागेश्वर दूसरे नंबर पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद बागेश्वर ने एक बार फिर विकास कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में प्रदेश के बड़े जिलों को पीछे छोड़ते हुए शानदार प्रदर्शन किया है। शासन द्वारा जारी बीस सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा रिपोर्ट में बागेश्वर जिले ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। रिपोर्ट के अनुसार प्रथम स्थान पर चम्पावत जनपद रहा, जिसे 98.37 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए, जबकि बागेश्वर जिले ने 98.29 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया। जिले की इस उपलब्धि से प्रशासनिक अधिका. रियों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों और आम जनता में भी खुशी है। प्रशासन का कहना है कि जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं के प्रस्ताव लिए जा रहे हैं तथा विभागवार कार्यों की नियमित समीक्षा भी की जा रही है। कई विभागों द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं, जिसका सकारात्मक परिणाम अब प्रदेश स्तर की रैंकिंग में भी दिखाई दे रहा है। मुख्य विकास अधिकारी आर सी तिवाड़ी ने बताया कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच. ाना ही मुख्य उद्देश्य है और इसी दिशा में सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

# रूस के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में एमआईईटी कुमाऊं ने बढ़ाया भारत का मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एमआईईटी कुमाऊं ने रूस में आयोजित अंतरराष्ट्रीय 'यूरेशियन नेटवर्क ऑफ यूनिवर्सिटीज सम्मेलन' में भाग लेकर देश और संस्थान का गौरव बढ़ाया।

यह सम्मेलन अस्त्राखान तातीश्चेव स्टेट यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें दुनिया के 17 देशों के विश्वविद्यालयों और शिक्षा विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में एमआईईटी कुमाऊं के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल एवं प्लेसमेंट निदेशक आकांक्षा अग्रवाल का विशेष सम्मान और स्वागत किया गया।

भारत की ओर से उनकी भागीदारी को सम्मेलन में महत्वपूर्ण माना गया। इस अवसर पर पुनीत अग्रवाल ने कहा कि वर्तमान समय में वैश्विक



शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग बेहद आवश्यक है।

उन्होंने छात्र विनिमय कार्यक्रम, संयुक्त शोध, नई तकनीक और शिक्षा के क्षेत्र में देशों के बीच मजबूत संबंध विकसित करने पर जोर दिया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए डा. इगोर अलेक्सेयेव ने बताया कि इस सम्मेलन में भारत, तुर्कमेनिस्तान, किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, ईरान और बेलारूस सहित 17 देशों के प्रति. निधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय शिक्षा, संयुक्त शोध परियोजनाओं, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग तथा विद्यार्थियों के लिए वैश्विक अवसरों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। सम्मेलन में एमआईईटी कुमाऊं की सक्रिय भागीदारी को विशेष सराहना मिली।

# बागेश्वर में घरेलू गैस और ईंधन आपूर्ति पूरी तरह सुचारू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जनपद में घरेलू गैस आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पूर्ति विभाग लगातार सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। विभाग की ओर से विभिन्न क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों का नियमित वितरण किया जा रहा है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इण्डेन गैस सर्विस बागेश्वर द्वारा जौलकाण्डे, लेटी और नदीगांव क्षेत्रों में 126 गैस सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। वहीं इण्डेन गैस सर्विस गरुड़ द्वारा दाड़िमखेत, बैगांव, करोला और सैलानी क्षेत्रों में 60 सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में इण्डेन गैस सर्विस कपकोट द्वारा सौंग और मुनार क्षेत्रों में 200 सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है, जबकि इण्डेन गैस सर्विस कांडा द्वारा पंगचौड़ा क्षेत्र के लिए 160 सिलेंडर भेजे गए हैं। इसके अतिरिक्त शिखर भारत गैस सर्विस शामा द्वारा सौंग, मुनार और बागेश्वर बाजार क्षेत्र में 145 सिलेंडरों की आपूर्ति की जा रही है। वहीं शुभम गैस एजेंसी गरुड़ द्वारा बैजनाथ, गागरीगोल, रामपुर, दिगोली, चनोली, नरग्वाड़ी, सीर-सिमार, कन्स्यारी, रियूनी और लखमार क्षेत्रों के लिए 70 सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। पूर्ति विभाग ने बताया कि जनपद में घरेलू गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य और सुचारू बनी हुई है तथा किसी भी क्षेत्र में गैस की कोई कमी नहीं है। इसके अलावा जनपद के 12 पेट्रोल पंपों पर वर्तमान में 1,01,564 लीटर डीजल और 91,528 लीटर पेट्रोल उपलब्ध है।

# कहीं आंधी-तूफान का कहर, झमाझम बारिश

**बागेश्वर।** जिले में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदल ली। कहीं तेज आंधी-तूफान ने लोगों को डराया तो कहीं झमाझम बारिश ने गर्मी से राहत पहुंचाई। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे लोगों को जिले के कई हिस्सों में राहत मिली, जबकि नगर मुख्यालय में लोग बारिश को तरसते रह गए। तेज आंधी के दौरान जिला अस्पताल के समीप खड़े तुन के पेड़ की भारी टहनियां टूटकर मोर्चरी कक्ष की छत पर जा गिरीं। गनीमत रही कि घटना के समय वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि टल गई। हालांकि पेड़ की टहनियों से भवन को नुकसान पहुंचा है। वहीं दुगनाकुरी तहसील, कपकोट, गरुड़ और कांडा क्षेत्रों में करीब आधे घंटे तक जमकर बारिश हुई। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली।

# बागेश्वर में आज 'नो व्हीकल डे'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** जिला प्रशासन ने शनिवार को नगर क्षेत्र में 'नो व्हीकल डे' मनाने का निर्णय लिया है। इस दौरान सुबह 7 बजे से सायं 7 बजे तक शहर में ईंधन चालित वाहनों के आवागमन पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। जिला प्रशासन ने आम जनता से इस अभियान को एक 'उत्सव' के रूप में मनाने की अपील की है। उपजिला. धिकारी प्रियंका रानी ने शुक्रवार को मीडिया से वार्ता करते हुए कहा कि यह अभियान किसी पर थोपे जाने वाला नहीं है, बल्कि लोग स्वेच्छा से इसमें शामिल होकर इसके प्रभाव और परिणामों की समीक्षा करें। अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना, वाहनों से होने वाले प्रदूषण का आकलन करना, शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार की संभावनाएं



तलाशना तथा सड़कों पर वाहनों की क्षमता का आंकलन करना है। प्रशासन के अनुसार सभी ईंधन चालित वाहन इस योजना में शामिल रहेंगे। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग स्थल निर्धारित किए गए हैं। कपकोट से आने वाले वाहन सूरजकुंड डिग्री कालेज, गरुड़ से आने वाले वाहन केएमओयू बस स्टेशन, कांडा रोड से आने वाले वाहन मंडलसेरा बाईपास, ताकुला से आने वाले वाहन विद्युत विभाग तिराहा तथा नदीगांव से आने वाले वाहन जजी तिराहा में पार्क किए जाएंगे। कपकोट, ताकुला, गरुड़ और कांडा से होकर अन्य जनपदों की ओर जाने वाले वाहन बाईपास मोटर मार्ग का उपयोग करेंगे। वहीं पार्किंग स्थलों से शहर के सरयू पुल और बैंक तिराहा तक लोगों की सुविधा के लिए ई-रिक्शा तैनात किए गए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा प्रति सवारी 10 रुपये किराया निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा है कि केवल आपात स्थिति या अत्यावश्यक कार्य होने पर ही वाहनों को शहर में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। साथ ही बच्चों को विद्यालय पहुंचाने और वापस लाने के बाद सभी स्कूल वाहनों को विद्यालय परिसर में ही खड़ा रखा जाएगा।

# 'सुरक्षित बचपन: सुरक्षित भविष्य' पर विधिक जागरूकता शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार एवं जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर पंकज तोमर के मार्गदर्शन में गुरुवार को राजकीय इंटर कॉलेज सोंग, कपकोट में 'सुरक्षित बचपन: सुरक्षित भविष्य' अभियान के तहत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नालसा थीम सांग 'एक मुठ्ठी आसमान' के साथ किया गया। शिविर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बागेश्वर अनीता कुमारी ने छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) 2012, नालसा जागृति योजना, बाल विवाह एवं बाल श्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने नालसा हेल्पलाइन 15100, नालसा योजना-25, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा पुलिस हेल्पलाइन 112 के बारे में भी जागरूक किया। रिटेनर अधिवक्ता त्रिलोक चन्द्र जोशी ने ई-फाइलिंग, ट्रू-कॉपी, विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, नि:शुल्क कानूनी सहायता, शिक्षा का अधिकार, साइबर क्राइम तथा किशोर न्याय (देखरेख एवं संरक्षण' अधिनियम 2015 के संबंध में जानकारी साझा की। इस दौरान इंटर कॉलेज सोंग के छात्र-छात्राओं ने 'सुरक्षित बचपन: सुरक्षित भविष्य' विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य, अध्यापकगण, अधिवक्तागण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# भगवान रुद्र के रुद्रपुर में त्रिशूल की स्थापना दिव्य अनुभव: यतीन्द्रानंद गिरि

## त्रिशूल चौक की भव्यता देखकर अभिभूत हुए स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि

■ महापौर विकास शर्मा की सराहना, बोले रुद्रपुर बन रहा उत्तराखण्ड का गौरव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** महामंडलेश्वर यतीन्द्रानंद गिरि महाराज ने शुक्रवार को रुद्रपुर पहुंचकर शहर के चर्चित त्रिशूल चौक का अवलोकन किया और वहां स्थापित भव्य त्रिशूल की भव्यता की मुक्तकंठ से सराहना की। उन्होंने त्रिशूल स्थापना को सनातन संस्कृति और धार्मिक आस्था से जुड़ा ऐतिहासिक कार्य बताते हुए महापौर विकास शर्मा की जमकर प्रशंसा की।

महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि हरिद्वार से बरेली जाते समय कुछ समय के लिए रुद्रपुर के त्रिशूल चौक पर रुके। उनके आगमन पर महापौर विकास शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान स्वामी जी ने चौक पर स्थापित विशाल त्रिशूल का अवलोकन कर उसकी कलात्मकता और आध्यात्मिक महत्व की सराहना की। स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि ने कहा कि जब से विकास शर्मा रुद्रपुर के महापौर बने हैं तब से शहर का स्वरूप लगातार बदल रहा है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर का नाम स्वयं भगवान रूद्र यानी भगवान शिव से जुड़ा हुआ है और ऐसे में भगवान शिव के त्रिशूल की स्थापना इस नगर की धार्मिक पहचान को और अधिक सशक्त बनाती है। उन्होंने कहा कि इस भव्य त्रिशूल ने केवल रुद्रपुर ही नहीं बल्कि पूरे कुमाऊं क्षेत्र के प्रवेश द्वार की शोभा बढ़ाने का कार्य किया है। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि पूज्य स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि का रुद्रपुर आगमन शहर के लिए गौरव की बात है।

उन्होंने कहा कि स्वामी जी के आशीर्वाद से उन्हें और अधिक ऊर्जा एवं प्रेरणा मिली है। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, पार्षद चिराग कालरा, गिरीश पाल, पवन राणा, शुभम दास, मानवेंद्र राय, विजय तोमर, आशीष यादव, आकाश यादव, किशन सुखीजा, बिट्टू चौहान, अशोक नेगी, शिवम गुप्ता, चंदन भट्ट, अशोक विश्वास, कमलेश, नरेश उप्रेती, मोर सिंह यादव, हरेंद्र शर्मा, शिवांश अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय लोग मौजूद रहे ।

# जीएन पाल एपीआई पंतनगर में सिक्स सिग्मा के छात्रों का चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सिक्स सिग्मा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एण्ड साइंस द्वारा फार्मेसी विभाग के छात्रों का कैम्पस प्लेसमेंट ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड रजत धवन द्वारा कराया गया। इस प्रक्रिया में कम्पनी के एचआर ललित द्वारा सर्वप्रथम प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कम्पनी से जुड़ी अहम जानकारी दी एवं उसके स्त्रोत पर्यावरण कम्पनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी दी।

इस प्रक्रिया में बी.फार्मेसी विभाग 2026 के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें से 4 प्रतिभागी अनूप हीरा, रौनक राय का चयन हुआ। चयनित छात्र-छात्राओं में खुशी व सकारात्मक भावना थी। छात्र व छात्राओं ने संस्थान की प्रबंधन समिति, संस्थान प्रमुख ललित सिंह बिष्ट तथा ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर रजत धवन एवं रोहित सिंह पडियार को अपना धन्यवाद प्रकट किया। संस्थान के चेयरमैन राजेश डाबर, को-चेयरमैन प्रीत ग्रोवर, प्रबंध निदेशक सीए शिव अरोरा, प्रबंध निदेशिका डा. सीमा अरोरा, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर वंश डाबर एवं शौर्य अरोरा, कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के प्रधानाचार्य ललित सिंह बिष्ट, नर्सिंग प्रधानाचार्य विवेक त्रिवेदी, उप-प्रधानाचार्य मुकेश कुमार, सीएओ अनुभव बठला, रोहित सिंह पडियार, ललित सिंह बिष्ट ने चयन के उपरांत सभी छात्रों को प्रेरित किया एवं उनको उनके लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने को कहा।

# कटौती को लेकर विद्युत अधिकारियों को घेरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही घंटों की विद्युत कटौती से परेशान लोगों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल के नेतृत्व में नवोदय पावर हाउस पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए एसडीओ फरमान जैदी तथा अवर अभियंता अरूण राठौर का घेराव किया। इस दौरान ठुकराल ने विभागीय अधिकारियों को जमकर खरी खोटी सुनाई और तत्काल बिजली व्यवस्था सुधारने की मांग उठाई।

इस दौरान पूर्व विधाायक ठुकराल का कहना था कि भीषण गर्मी में लगातार कई कई घंटों तक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आम लोगों का जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। दिन और रात दोनों समय बिजली जाने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। घरों में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। आरोप लगाया कि बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली काट दी जाती है, जिससे पेयजल व्यवस्था भी चरमरा जाती है। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि भीषण गर्मी में जनता को राहत देने के बजाय विभाग लोगों की परेशानियां बढ़ाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि शहर के कई क्षेत्रें में लंबे समय तक बिजली कटौती की जा रही है, जबकि बिजली बिलों की वसूली पूरी सख्ती से की जाती है। उन्होंने कहा कि यदि विभाग समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं करता तो जनता के साथ मिलकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा। ठुकराल ने कहा कि ट्रिपिंग और अघोषित कटौती के कारण व्यापारियों, छात्रें और आम परिवारों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

इनवर्टर और पानी की मोटरें तक जवाब दे रही हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं को नजरअंदाज करना विभाग को भारी पड़ सकता है। अधिकारियों ने जल्द व्यवस्था सुधारने का आश्वासन दिया। घेराव करने वालों में ललित सिंह बिष्ट, लाल अहमद, आनंद शर्मा, सोहेल अहमद, बंटी मक्कड़, अजय नारायण सिंह, इरफान, इरफान खान, पप्पू कोली, अमित कोली, राजेश गर्ग, राजेश ग्रोवर सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# डिजिटल तकनीक से विधिक साक्षरता




■ न्यायिक मजिस्ट्रेट ने छात्रों को क्यूआर कोड से सिखाया कानून

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राणा प्रताप इंटर कॉलेज खटीमा में प्रधानाचार्य रविंद्र प्रकाश पंत की अध्यक्षता में विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि न्यायिक मजिस्ट्रेट आशीष तिवारी रहे और संचालन विमल कुमार ने किया। मुख्य अतिथि आशीष तिवारी ने छात्रों को गूगल ऐप से क्यूआर कोड स्कैन कर 'कानूनी ज्ञान माला' पुस्तक पढ़ना सिखाया और बताया कि लीगल एड क्लिनिक से मुफ्त न्याय के लिए पैनल अधिवक्ता प्राप्त किए जा सकते हैं।

उन्होंने छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते हुए साइबर अपराध, यातायात नियमों, लोक अदालत और ईंधन बचाकर पर्यावरण सुरक्षित रखने की जानकारी दी। साथ ही विधिक सहायता के लिए नालसा टोल-फ्री नंबर 15100 की जानकारी भी साझा की।

शिविर में अधिवक्ता राम वचन ने छात्रों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सचेत किया, जबकि महिला अधिवक्ता कुमारी चंचल सिंह ने लैंगिक उत्पीड़न, शिक्षा का अधिकार और घरेलू हिंसा से जुड़े कानूनों की जानकारी दी। इस अवसर पर 125 छात्र-छात्राओं सहित आर.बी. सिंह राणा, लाल सिंह, गीता शर्मा, विनोद और भागवत नाथ गोस्वामी मौजूद रहे।

# रुद्रपुर मण्डल में दो चरणों में लगाए जाएंगे स्मार्ट मीटर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** नोडल इंजीनियर इनचार्ज स्मार्ट मीटरिंग रुद्रपुर मण्डल विद्युत परीक्षण खण्ड, अधिशासी अभियंता ने बताया कि संचार नेटवर्क वाले क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं के केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट समय-सीमा, सुसंगत भारतीय मानक के अनुरूप स्मार्ट मीटर के साथ बिजली की आपूर्ति की जानी है। उन्होंने बताया कि रुद्रपुर मण्डल के अन्तर्गत विद्युत उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य दो चरणों में निर्धारित तिथियों से प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने बताया कि फेज-1 में 25 मई को खेड़ा, 28 मई को पहाड़गंज, 30 मई को भूत बंगला, 03 जून को सेठिया मेन मार्केट व 05 जून को प्रीत विहार में स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। इसी तरह फेज-2 में 08 जून को रम्पुरा, 11 जून को आवास विकास, 15 जून को ट्रॉजिट कैम्प, 18 जून को जय नगर व 22 जून को छत्तरपुर गाव में स्मार्ट मीटर स्थापना का कार्य प्रारम्भ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य जन हित एवं विद्युत व्यवस्था के आधुनिकीकरण हेतु किया जा रहा है। उन्होंने कार्य के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने हेतु पुलिस प्रशासन व जनता से सहयोग की अपील की है।

# जनसमस्याओं को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल मुखर

■ एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा सात सूत्रीय ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा ।** उत्तराखंड क्रांति दल (उक्रांद) की खटीमा इकाई ने क्षेत्र की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं और जनहित के मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को उक्रांद के जिला अध्यक्ष हरेन्द्र प्रसाद के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी के माध्यम से सूबे के मुख्यमंत्री को एक सात सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया।

उक्रांद खटीमा तहसील इकाई की ओर से सौंपे गए इस ज्ञापन में मुख्य रूप से नवसर भुड़िया क्षेत्र में लगातार हो रहे भू-कटाव की गंभीर समस्या के स्थायी समाधान की मांग की गई है। इसके साथ ही दल ने प्रदेश में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले पेपर लीक माफियाओं पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने की पुरजोर वकालत की है। ज्ञापन के माध्यम से उक्रांद कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में पैर पसार रहे अवैध नशा और शराब माफियाओं पर पूर्ण रूप से रोक लगाने, उत्तराखंड में महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने, किसानों का कर्ज माफ करने के साथ ही उन्हें फसलों का उचित मूल्य दिलाने और सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पूरी तरह से रोक



लगाने की मांग की है। इसके अलावा दल ने राज्य के मूल स्वरूप यानी पहाड़, पानी, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही है।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से शिव शंकर माजी, आनन्द सिंह बोरा, शिवलाल रस्तोगी, हरिश्चंद्र अंधेरी, धन बहादुर चंद, पूनम अग्रवाल, रमा अग्रवाल, पार्वती बिस्वास, संतोष मेहरोत्रा, धीरज चंद्र गहतौड़ी, कैलाश भट्ट, शहाबुद्दीन, त्रिभवन सिंह थिरपोला, राजकुमारी तथा मुन्नी देवी सहित भारी संख्या में उक्रांद कार्यकर्ता व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# वन विभाग की अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के अंतर्गत कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन और अवैध उपखनिज परिवहन के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चार वाहनों को सीज किया है। वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा चलाए गए सघन चेकिंग अभियान में अवैध खनन सामग्री का परिवहन कर रहे वाहनों को मौके पर पकड़कर विधिक कार्रवाई की गई।

कोसी नदी क्षेत्र में अवैध खनन करते चार वाहन सीज

शुक्रवार को डीएफओ प्रकाश चन्द्र आर्या तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के निर्देशन में उत्तराखण्ड वन विकास निगम द्वारा कोसी नदी में संचालित खनन क्षेत्रों की लगातार निगरानी की जा रही है,इसी क्रम में कटियापुल और बंजारी द्वितीय खनन क्षेत्रों में संयुक्त टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान टीम ने अवैध खनन एवं उपखनिज परिवहन करते हुए 10 टायरा के दो बड़े वाहन, 06 टायरा का एक वाहन और एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़ा, जांच के दौरान संबंधित वाहन आवश्यक वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके, जिसके बाद वन विभाग की टीम ने सभी वाहनों को कब्जे में लेकर सीज कर दिया। विभाग द्वारा वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

इस दौरान रेंजर धर्मानन्द सुनाल, सुरेन्द्र सिंह बोरा, त्रिलोक सिंह मर्तोलिया,जगदीश चन्द्र पाण्डे, अजमत खान, आरक्षी तेजपाल, विमल चौधरी,धीरज कुमार, विक्रम कुटलाकोटी, मनोज तिवाड़ी, प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से विकलांग बुजुर्ग की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नेशनल हाईवे-309 रामनगर-काशीपुर मार्ग पर एक सड़क हादसे में विकलांग बुजुर्ग की मौत हो गई। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला भवानीगंज नहर किनारे निवासी करीब 75 वर्षीय ओम प्रकाश पुत्र स्व डोरीलाल पैरों से विकलांग थे,आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह घर के आसपास भीख मांगकर अपना जीवन यापन करते थे, बताया जा रहा है कि शुक्रवार को ओम प्रकाश भवानीगंज क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान नेशनल हाईवे-309 पर तेज गति से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल घायल बुजुर्ग को उपचार के लिए संयुक्त चिकित्सालय रामनगर पहुंचाया, लेकिन वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही घटना की सूचना परिजनों को मिली, अस्पताल में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना के बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि बुजुर्ग व्यक्ति का सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परि. जनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। मामले में परि. जनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

# बिजली कर्मचारी की मौत मामले में परिजनों ने दी तहरीर, कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बीते दिन गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में बिजली विभाग में कार्यरत एक कर्मचारी की मौत हो गई थी।परिजनों ने विद्युत विभाग के कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया था। मामले में शुक्रवार को मृतक के दर्जनों परिजनों और ग्रामीणों ने कोतवाल सुशील कुमार से मुलाकात कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर एक तहरीर दी।

ग्राम बैलपड़ाव निवासी सुमन देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति देवेन्द्र कुमार



उत्तराखंड पॉवर कोरपोरेशन बैलपड़ाव सब स्टेशन संविदा पर लाइन मैंन के पद पर कार्यरत थे।उनके तीन छोटे छोटे बच्चे है।उनके परिवार की जीविका का एकमात्र सहारा पति ही थे। उनके पति लगभग 3-4 दिन से बहुत परेशान थे। उनसे पूछने पर उन्होंने बताया था कि जेई होशियार सिंह भंडारी, दर्शन जोशी, कमल भट्ट, विशाल, काशीपुर का एक ठेकेदार एवं आदि लोगो द्वारा मुझपे गलत कार्य करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। गुरुवार को शुबह लगभग 11 बजे जेई होशियार सिंह , विशाल सैनी पति के बारे में पूछने मेरे घर आये और सास से मेरे पति को फोन करके पूछने को बोला गया की वो कहां पर है जब मेरी सास ने मेरे पति को कॉल किया तो उन लोगों ने फोन छीनकर खुद बात करने लगे। रामनगर पहुंचकर उन लोगों ने मेरे पति के साथ मारपीट और गाली गलौंच करते हुए उनकों गाड़ी में अपहरण करके कही ले गए। मेरे पति के ताई का लड़का अशोक कुमार रामनगर के मोहल्ला भवानीगंज चौराहा पर किसी कार्य से आया हुआ था, जहां पर उसने देखा की उसक मौसी के लड़के से साथ कुछ लोग मारपीट कर रहे थे तो उसने उनसे जानना चाहा कि यह क्या हो रहा है। इन लोगो द्वारा बोला गया कि यह हमारा आपसी मामला है और यह कहकर मेरे पति को गाड़ी में बैठाकर वहां से लेकर चले गए जिसके बाद अशोक कुमार द्वारा डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को सूचना दी गयी। उसी दिन लगभग शाम के 03 बजे खड़क सिंह और कमल भट्ट मेरे घर पर आये और बताया की आपके पति रामनगर अस्पताल में भर्ती हैं हमारे साथ चलो। वहां पर जाने के बाद पता चला की उनकी मौत हो चुकी थी।

पीड़ित महिला ने कोतवाल सुशील कुमार से होशियार सिंह भंडारी, दर्शन जोशी, कमल भट्ट, विशाल सैनी, काशीपुर के ठेकेदार आदि लोगों पर हत्या एवं अपरहरण का मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि शुक्रवार को मृतक देवेंद्र कुमार का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के असली कारणो का पता चल सकेगा। उन्होंने बताया कि कुछ लोगों को शक के आधार पुलिस ने गिरफ्तार किया है।उनसे पूछताछ की जा रही है।

## एक नजर

### विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुटे कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विधानसभा चुनाव की तैयारी में बूथ स्तर तक जुटे कांग्रेस कार्यकर्ता हिमांशु गाबा 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने एवं जन जन तक कांग्रेस की नीतियों को पहुंचाने की प्रक्रिया तेज कर दी है।



पार्टी के जिला अध्यक्ष हिमांशु गाबा इस चिल चिलाती धूप में पूरे जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर रहे हैं और हर बूथ पर अध्यक्ष नियुक्त कर रहे हैं। गाबा ने कहा कि पार्टी चुनाव में मजबूती से दावेदारी पेश करेगी। सितारगंज में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों को लेकर ब्लॉक एवं नगर कमेटी के कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, जनसरोकारों को मजबूती से उठाने और चुनावी रणनीति को धार देने पर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में पूर्व विधायक नारायण पाल, नगर अध्यक्ष सरताज अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष रंजीत संधु, शक्तिफार्म अध्यक्ष उत्तम आचार्य उपस्थित रहे।

### स्काउट-गाइड शिविर में बच्चों ने सीखी राष्ट्रभक्ति और प्राथमिक चिकित्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** बिगराबाग स्थित सरस्वती एकेडमी में हिन्दुस्तान स्काउट्स एवं गाइड्स के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय प्रवेशिका स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का धूमधाम से समापन हो गया। मुख्य प्रशिक्षक वैभव गौड़ और गाइड कैप्टन ताशु के निर्देशन में चले इस शिविर का शुभारंभ चेयरपर्सन ज्योति पाल और प्रधानाचार्य रामयश ने दीप प्रज्वलित कर किया।



शिविर में विद्यार्थियों को प्राथमिक चिकित्सा, अनुशासन, टीमवर्क, राष्ट्रभक्ति और विपरीत परिस्थितियों में जीवन जीने की कला का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन छात्र-छात्राओं ने कलात्मक टेंटों का निर्माण किया और स्वयं बनाए स्वादिष्ट व्यंजनों का प्रदर्शन कर आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। अतिथियों ने सभी टेंटों का निरीक्षण कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दलों को पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि ऐसे शिविर बच्चों में सामाजिक उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास जगाकर उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं।

### दुकान से नकदी लूट महिला का गला दबाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** गुरुवार की रात्रि ट्रांजिट कैंप कोतवाली क्षेत्र में हनुमान मंदिर ढाल पर अज्ञात ट्रक चालक ने महिला की दुकान में घुसकर गल्ले से हजारों की नकदी व सामान लूट लिया। जब महिला दुकानदार ने इसका विरोध किया तो चालक ने उसका गला दबाने का प्रयास कर उसे जन से मारने की कोशिश की। महिला के शोर मचाने पर चालक धमकी देते हुए ट्रक लेकर फरार हो गया। घटना की जानकारी महिला दुकानदार ने ट्रांजिट कैंप कोतवाली पुलिस को दे दी है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

आजाद नगर वार्ड 2 ट्रांजिट कैंप निवासी रेखा मालाकार पत्नी श्यामपद मालाकार ने पुलिस को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि वह हनुमान धाम स्थित ढाल पर पान की दुकान चलाती है। 21 मई को रात लगभग 12 बजे वह अपनी दुकान में सो रही थी तभी एक अज्ञात गाडी चालक आया और उसकी दुकान में घुस कर सामान उठाने लगा। तभी अचानक से वह उठ गयी। तब तक उक्त अज्ञात ड्राईवर ने दुकान के गल्ले से लगभग 15500 रुपये और दुकान से सिगरेट की डिब्बीयां निकल ली और उसके उठने व विरोध करने पर उसका गला दबाने का प्रयास किया। रेखा ने बताया जब उसने शोर मचाया तो उक्त ट्रक ड्राईवर वहां से भाग गया। जब उसने उसका पीछा करने का प्रयास किया तो उक्त ड्राईवर रोड चलते लोगों को भी कुचलने की नियत से तेज रफ्तार में अपना ट्रैक लेकर फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है।

### नंदपुर नरकटोपा में स्वच्छ भारत अभियान की उड़ रहीं धज्जियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम नंदपुर नरकटोपा में स्वच्छता व्यवस्था बदहाल होती नजर आ रही है। गांव में खुलेआम कचरा जलाए जाने से उठ रहा जहरीला धुआं आसपास के लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधानमंत्री छंतमदकत डवकप के महत्वाकांक्षी स्वच्छ भारत अभियान की गांव में अनदेखी की जा रही है, जबकि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार गांव से एकत्र किया गया कचरा निर्धारित तरीके से निस्तारित करने के बजाय खुले स्थानों पर आग के हवाले किया जा रहा है। इससे निकलने वाला धुआं घरों तक पहुंच रहा है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और पशुओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वहीं, लोगों ने प्रशासन से मामले का संज्ञान लेकर उचित कार्रवाई करने और गांव में स्वच्छता व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है।



खुले में कचरा जलाने से फैल रहा जहरीला धुआं, ग्रामीणों में रोष

### चार दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा परख एनसीईआरटी, दिल्ली के सहयोग से स्कूल बोर्डस की समतुल्यता के द्वितीय चरण के तहत न्यू परख टैक्सोना विषय पर राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, देहरादून के प्रशिक्षण कक्ष में 19 मई से 22 तक आयोजित चार दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हो गया।

उत्तराखंड शिक्षा बोर्ड के सचिव विनोद प्रसाद ने बताया कि इस कार्यशाला में राज्य के विभि विद्यालयों से आये हुए 50 शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यशाला में परख सन्दर्भदाताओं द्वारा स्कूल बोर्डस की समतुल्यता, समग्र प्रगति पत्र, आकलन की परम्परागत ब्लूम टैक्साना परख द्वारा विकसित नयी टैक्सानामी, नयी टैक्सोनामी के अनुसार प्रश्न निर्माण और प्रश्न पत्र निर्माण प्रकिया पर व्यापक चर्चा की गयी। नयी टैक्सोनामी में सीखने-सिखाने की प्रक्रिया और आकलन को त डोमेन जागरूकता, संवेदनशीलता, रचनात्मकता और 11 उप डोमेनों में बांटा गया है। परख द्वा विकसित नयी टैक्सानामी का मुख्य उद्देश्य शिक्षा एवं आकलन प्रणाली को केवल रटने से हटाकर समन दक्षतामूलक और विद्यार्थी केन्द्रित बनाना है, जिससे विद्यार्थी 21वी सदी के कौशलों से युक्त होकर वैश्विन नागरिक के रूप में विकसित हो सके। भविष्य में कक्षा 9 से 12 तक सभी विषयों में विद्यार्थी का आकलन जागरूकता, संवेदनशीलता रचनात्मकता पर आधारित प्रश्नों / गतिविधियों के माध्यम से ही किया जाएगा।

इस अवसर पर पदमेन्द्र सकलानी अपर निदेशक, एससीईआरटी, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीपीरतूड़ी, परख के राज्य समन्वयक शैलेन्द्र जोशी, मनोज पाठक, रामचन्द्र पाण्डेय, अंकित जोशी, पुष्कर दुमागा, भुवन कुनियाल आदि मौजूद रहे।

## नशे के खिलाफ किया जागरूकता

शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** नशा मुक्ति अभियान के तहत सितारगंज कोतवाली पुलिस ओर से सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में छात्रों को नशे के दुष्प्रभावों के साथ उन्हें इससे दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

कोतवाल सुंदरम शर्मा ने छात्रों को जागरूक करते हुए कहा कि नशा समाज को अंदर से खोखला कर रहा है। इसके सेवन से व्यक्ति के शरीर पर गंभीर दुष्प्रभाव पड़ते हैं। कहा कि नशे के कारण कई असाध्य बीमारियां जन्म ले रही हैं। इसलिए सभी को स्वयं नशे से दूर रहकर दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए।

महिला कांस्टेबल ज्योति शर्मा ने कहा कि नशे के सेवन से सड़क दुर्घटनाएं, चोरी, लड़ाई-झगड़े और अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं।

# खूनी संघर्ष में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

- मां की हालत बनी हुई है नाजुक
- आक्रोशित परिजनों तथा जनता ने घेरी कोतवाली, लगाई न्याय की गुहार
- प्रशासन ने आरोपियों के द्वारा किया गया अतिक्रमण किया ध्वस्त





शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** नगर की पंजाबी कॉलोनी में पांच दिन पूर्व हुए जानलेवा हमले में गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद परि. जनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखने को मिला। आक्रोशित लोग खटीमा कोतवाली पहुंचे और आरोपी परिवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई तथा न्याय की मांग को लेकर जमकर प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन मौके पर पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

जानकारी के मुताबिक वार्ड नंबर 14 पंजाबी कॉलोनी निवासी सीता पत्नी दीनदयाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि क्षेत्र के ही सचिन रघुवंशी और संदीप रघुवंशी पुत्र सतीश रघुवंशी ने एक राय होकर उनके देवर विवेक कुमार, सास ललिता देवी और पुत्री दीपिका पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया था।

घटना में विवेक कुमार और ललिता देवी गंभीर रूप से घायल हो गए थे, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया था। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

इधर बरेली के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान बुधवार को विवेक कुमार की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दोनों परिवारों के बीच रास्ते और अतिक्रमण को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना के बाद प्रशासन की मौजूदगी में आरोपी परिवार के घर के आगे किए गए अतिक्रमण को भी ध्वस्त किया गया।

मृतक विवेक कुमार खटीमा स्टांप वेंडर एवं अरायजनवीस एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष भी थे। उनकी पत्नी ने आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुक. दमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन से अपने दो छोटे बेटों के पालन-पोषण के लिए सहायता की मार्मिक अपील की है। घटना की सूचना पर क्षेत्रीय विधायक भुवन कापड़ी भी कोतवाली पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

विधायक ने पुलिस अधिकारियों से वार्ता कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। वहीं पुलिस प्रशासन ने परिजनों को हत्या की धारा बढ़ाकर कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है। पूरे घटनाक्रम के दौरान कोतवाली और घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात रहा ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे।

एक नजर

## नगर पालिका में श्रद्धांजलि सभा खंडूरी के योगदान को किया याद



**पालिका कर्मचारी के पिता के निधन पर जताया शोक**

शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** नगर पालिका परिषद गदरपुर में शुक्रवार को एक शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में स्वच्छता समिति कर्मचारी बंटी के पिता एवं सेवानिवृत्त पर्यावरण मित्र प्रकाश के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया गया।

पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू की अध्यक्षता में आयोजित इस शोक सभा में उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही ईश्वर से शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई। वहीं उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारतीय सेना के सेवानिवृत्त मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूरी के निधन पर भी शोक व्यक्त किया गया। पालिकाध्यक्ष मनोज गुम्बर मिंटू ने कहा कि भुवन चंद्र खंडूरी ने अपने सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी, सादगी और अनुशासन की मिसाल कायम की। शोक सभा में सभासद, अधिकारी, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## जुम्मे की नमाज के बाद बच्चों ने बांटा शरबत, राहगीरों को मिली राहत

शाह टाइम्स संवाददाता



**गदरपुर।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप के बीच शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद नगर के बच्चों ने राहगीरों और नमाजियों को ठंडा शरबत वितरित कर राहत पहुंचाई। बच्चों की इस नेक पहल की लोगों ने सराहना की और उन्हें दुआएं दीं।

बढ़ती गर्मी के चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों द्वारा शरबत वितरण का आयोजन लोगों के लिए राहत भरा साबित हुआ। राहगीरों ने शरबत पीकर राहत की सांस ली और बच्चों के इस सेवा भाव की प्रशंसा की। इस दौरान बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ लोगों को शरबत पिलाया। यहां ओवेज पाशा, अरहान मंसूरी, तालिश पाशा, फरहान पाशा, अयान, हसन अल्वी, रिहान फारूकी सहित कई बच्चे मौजूद रहे। सभी बच्चों ने मिलकर लोगों की सेवा की और गर्मी में इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया।

# पुलिस ने भैंस चोरी का किया खुलासा, दो आरोपी दबोचे



शाह टाइम्स संवाददाता

**गदरपुर।** कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र में हुई भैंस चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो आरो. पियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 75 हजार रुपये नकद, घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन, मोबाइल फोन तथा चोरी में इस्तेमाल किए गए अन्य सामान बरामद किए हैं।

जानकारी के अनुसार 16 मई 2026 को ग्राम बमनपुरी निवासी राजेन्द्र सिंह ने कोतवाली गदरपुर में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उनके आंगन में बंधी तीन भैंस चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के निर्देश पर गदरपुर पुलिस और एसओजी काशीपुर की संयुक्त टीम ने मोबाइल सर्विलांस, सीडीआर विश्लेषण और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज की।

21 मई की रात अब्दुल्ला नगर रामपुर बॉर्डर पर चेकिंग के दौरान पुलिस ने पिकअप वाहन संख्या न्च 25ळ्ज 5930 को रोककर पूछताछ की। वाहन में सवार साईन खान निवासी पटवाई रामपुर और छुन्नन निवासी मुरादाबाद ने पूछताछ में चोरी की घटना कबूल कर ली। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर तीनों भैंस चोरी कर मुरादाबाद के जयंतीपुर बाजार में 95 हजार रुपये में बेच दी थीं।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 75 हजार रुपये नकद, एक कुल्हाड़ी, दो छुरियां, रस्सियां, घंटियां, दो मोबाइल फोन तथा चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया।

दोनों आरोपियों को धारा 303 (2), 317(2) व 3(5) बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस आरोपियों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# विधायक ने जिला विकास प्राधिकरण संग किया निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास योजना का निरक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** विधायक शिव अरोरा ने बागवाला स्थित निर्माणधीन 1872 प्रधानमंत्री आवास का जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जयकिशन व उनकी टीम के साथ स्थालीय भ्रमण किया।

विधायक शिव अरोरा ने कहा वर्ष 2023 मं मेरे प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर क्षेत्र हेतु स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना को बागवाला क्षेत्र में बनाने हेतु जिला विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया, जहां उनके व प्रशासन के लोगों द्वारा बागवाला क्षेत्र में चिन्हित जमीन को प्रधानमंत्री आवास हेतु सबसे उपयुक्त मना गया, जिसके बाद जमीन हस्तांतरण से लेकर सभी प्रकिया को पूर्ण किया गया और आज रिकॉर्ड 2.5 साल के समय के अन्तर्गत इस बहुत बड़े प्रोजेक्ट को पूर्ण कर लिया गया। उन्होंने 872 आवासीय ब्लॉक का निरक्षण किया, जहां पार्क से लेकर, पार्किंग, फायर सेफ्टी पाइप लाइन, अंडरग्राउंड वायर, एसटीपी वाट ट्रीटमेंट प्लांट जो वेस्ट वाटर को रिसाईकिल करेगा ऐसे अत्यधिक सुविधा से पूर्ण प्रधानमंत्री आवास योजना मे अति निर्धन गरीब परिवार के लिये सभी सुविधा का ध्यान रखा गया है, जिसमे एक आवास में एक बेडरूम, किचन, बालकनी, हाल, लेट्रिन, बाथरूम अलग-अलग के साथ पूरे निर्माण में कंक्रीट व सरिया का उपयोग किया गया, जिसमे एक भी ईट का उपयोग नहीं हुआ। वही विधायक बोले जिला विकास प्राधिकरण द्वारा 1872 मकानों का चरणबद्ध रूप से लाटरी द्वारा पूर्ण पारदर्शिता से अलॉटमेंट कर दिया गया। इस दौरान जिला विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष जयकिशन, बागवाला झील ग्राम प्रधान पति प्रमोद कुमार, भगवानपुर प्रधान विनीत सोलंकी, मटकोटा धर्मपुर प्रधान दीपक गोस्वामी, अजय वर्मा, अजीत सोलंकी, राजीव शुक्ला, कुलदीप चंद्र, राजेश तिवारी, सुनील सिंह, मयंक कक्कड़, डंम्पी चोपड़ा, नीरज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## नई रफ्तार के साथ शुरू हुआ विशेष गहन पुनरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता

**तकनीक आधरित प्रशिक्षण से मजबूत होगी मतदाता सूची की शुचिता**

**चम्पावत।** लोकतंत्र की आधारशिला कही जाने वाली मतदाता सूची को और अधिक सटीक, शुद्ध एवं त्रुटिरहित बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम ने नए जोश और व्यवस्थित तैयारी के साथ गति पकड़ ली है। जिलाधिकारी मनीष कुमार के स्पष्ट निर्देशों पर आयोजित प्रथम चरण के प्रशिक्षण सत्र में एईआरओ, नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी, सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुपरवाइजर, बीएलओ, पदाभिहित अधिकारी तथा कंप्यूटर ऑपरेटरों ने एसआईआर की तकनीकी और प्रायोगिक बारीकियां गहराई से समझीं।

प्रशिक्षण के प्रथम चरण में सहायक नोडल अधिकारी प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने अत्यंत सरल एवं व्यवहारिक शैली में बीएलओ ऐप के सभी फीचर्स, घर-घर सत्यापन प्रक्रिया, डेटा अपलोडिंग तथा त्रुटि सुधार की सूक्ष्म विधियों को विस्तार से समझाया। उनका मार्गदर्शन न केवल तकनीकी रूप से उपयोगी रहा बल्कि फील्ड में कार्यरत बीएलओ के आत्मविश्वास को भी उल्लेखनीय रूप से बढ़ाने वाला सिद्ध हुआ। नोडल अधिकारी प्रशिक्षण/ जिला कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी नारायण सिंह ने एसआईआर की संपूर्ण कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुनरीक्षण अभियान जिले की मतदाता सूची को अधिकतम सटीकता के साथ तैयार करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। डॉ नारायण सिंह ने

सुव्यवस्थित और तकनीक-समर्थित प्रशिक्षण कार्यक्रम में दक्षता, पारदर्शिता और जनभागीदारी के साथ संपादित करने हेतु सभी को प्रेरित किया। उन्होंने बीएलओ एप की बारीकियां तथा तार्किक विसंगतियों एवं फॉर्म 6,7,8 आदि की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में एईआरओ/तहस. ीलदार चन्द्र सिंह हरकोटिया, बीडीओ मोनिका पाल, रिजर्व एईआरओ/बीईओ संजय भट्ट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# आपरेशन प्रहार के तहत लंबे समय से फरार वारंटी पकड़ा



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद उधम सिंह नगर द्वारा फरार अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान / आपरेशन प्रहार के तहत प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जसपुर राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में कोतवाली जसपुर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए लम्बे समय से फरार चल रहे वारंटी सरदार खान पुत्र जाकिर निवासी कस्बा मुगलान कोतवाली नगीना उत्तर प्रदेश, को नगीना उत्तर प्रदेश से दिनांक 21/05/26 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संतोष देवरानी चौकी प्रभारी नादेही, कॉ अशोक पवार आदि शामिल रहे।

# कॉर्बेट और अमानगढ़ में हाई अलर्ट

- वन विभाग की संयुक्त टीम ने सीमावर्ती जंगलों में चलाया सघन सर्च अभियान




शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व और अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो के अलर्ट के बाद सीमावर्ती वन क्षेत्रों में विशेष चौकसी अभियान चलाया। इस दौरान कालागढ़ और बिजनौर वन प्रभाग की टीमों ने संवेदनशील इलाकों में गश्त कर अवैध गतिविधियों पर नजर रखी।

फील्ड डायरेक्टर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व रामनगर के निर्देश पर शुक्रवार को उप प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ अमित कुमार ग्वासीकोटी के नेतृत्व में संयुक्त सघन गश्त अभियान चलाया गया। यह अभियान कॉर्बेट टाइगर रिजर्व की दक्षिणी सीमा से जुड़े धारा गांव, यूपी सीमा बाउंड्री, छजमलवाला, कल्लूवाला, लालबाग और आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में संचालित किया गया।गश्ती दल में कालागढ़ रेंज और उत्तर प्रदेश के बिजनौर वन प्रभाग की अमानगढ़ रेंज की टीमें शामिल रहीं। अभियान का मुख्य उद्देश्य वन क्षेत्र में घुसपैठ रोकना, वन्यजीव शिकार जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखना और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं को कम करना था। टीम द्वारा मेटल डिटेक्टर और अन्य सुरक्षा उपकरणों की सहायता से जंगल क्षेत्रों की गहन तलाशी ली गई। हालांकि सघन जांच के दौरान कहीं भी किसी प्रकार की संदिग्ध सामग्री या अवैध गतिविधि नहीं पाई गई।

इसके साथ ही वन कर्मियों ने आसपास के ग्रामीणों को आगामी फायर सीजन को देखते हुए वनाग्नि से बचाव और सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक भी किया। इस दौरान कालागढ़ एसडीओ अमित ग्वासिकोटि, रेंजर नंदकिशोर रुबाली, सरत सिंह बिष्ट, सोहन सिंह, राहुल सिंह रावत, जगमोहन सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# बंपर पैदावार बनी किसानों की परेशानी

- किसी भी हालत में किसानों को नहीं किया जाना चाहिए निराशाः डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत/लोहाघाट।** इस वर्ष समय पर हुई बारिश और किसानों को समय से आलू बीज उपलब्ध होने के चलते चंपावत और लोहाघाट क्षेत्र में आलू का रिकॉर्डतोड़ उत्पादन हुआ है। खेतों में लहलहाती फसल ने शुरुआत में किसानों के चेहरों पर खुशी जरूर लाई, लेकिन बाजार में उचित मूल्य नहीं मिलने से अब वही किसान मायूस नजर आ रहे हैं। अपनी खास गुणवत्ता और विशिष्ट स्वाद के लिए पहचान रखने वाला पहाड़ी आलू इस बार भरपूर मात्रा में पैदा हुआ है। क्षेत्र में खास तौर पर कुफरी ज्योति प्रजाति के आलू की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है, जिसे उद्यान विभाग वर्षों से किसानों को उपलब्ध कराता आ रहा है। हालांकि अब कई किसान पंजाब और हिमाचल से भी बीज मंगाकर खेती कर रहे हैं। जिला उद्यान विभाग को भी इस बार इतनी अधिक पैदावार की उम्मीद नहीं थी। विभागीय स्तर पर उत्पादन की खपत और विपणन को लेकर पहले से पर्याप्त तैयारी नहीं होने के कारण किसान खुले बाजार के भरोसे रह गए।

इधर किसानों को राहत देने के लिए उद्यान विभाग ने पशुपालन विभाग की तर्ज पर आईटीबीपी के साथ समझौता किया है। आईटीबीपी की 36वीं वाहिनी के कमांडेंट संजय कुमार के अनुसार राज्य स्तर पर उद्यान विभाग और आईटीबीपी के बीच अनुबंध हो चुका है। पहले चरण में आईटीबीपी अपनी सब्जियों की लगभग 25 प्रतिशत जरूरत स्थानीय किसानों से पूरी करेगी।

उधर, उद्यान विभाग पुलडिन्डोला और दिगालीचौड क्षेत्र में पहले से स्थापित कोल्ड स्टोर को दोबारा सक्रिय करने की दिशा में सहकारिता विभाग के साथ प्रयास कर रहा है। सहायक निबंधक प्रेम प्रकाश ने बताया कि डुमडाई और दिगालीचौड़ सहकारी समितियों के माध्यम से इन कोल्ड स्टोरों का संचालन किया जाएगा तथा कर्मचारियों को इसके लिए प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

लोहाघाट के एडीओ आशीष रंजन खर्कवाल ने बताया कि किसानों के आलू की स्थानीय खपत बढ़ाने के लिए आवासीय विद्यालयों, गुरुद्वारों और अन्य संस्थानों से संपर्क किया जा रहा है।

# मिशन कोशिश के तहत मूल्यांकन संपन्न

शाह टाइम्स संवाददाता

**चंपावत।** एससीईआरटी उत्तराखंड के निर्देशन में संचालित मिशन कोशिश कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के समस्त राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में मासिक मूल्यांकन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। यह कार्यक्रम उन विद्यार्थियों के लिए संचा. लित किया जा रहा है जिनकी अधिगम क्षमता अपेक्षित स्तर (LO) से कम है तथा जिन्हें अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग की आवश्यकता है।

मूल्यांकन के अंतर्गत कक्षा 3 से 8 तक के विद्यार्थियों की दक्षताओं का परीक्षण किया गया। डायट प्राचार्य दिनेश खेतवाल के अनुसार कक्षा 3 में 877, कक्षा 4 में 1174, कक्षा 5 में 1263, कक्षा 6 में 1049, कक्षा 7 में 1098 तथा कक्षा 8 में 1285 विद्यार्थियों का मूल्यांकन किया गया। प्राथमिक स्तर पर हिंदी, अंग्रेजी एवं गणित तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी, गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान विषयों का आकलन किया गया।



डायट लोहाघाट के प्रवक्ता नवीन उपाध्याय के निर्देशन में मिशन कोशिश कार्यक्रम का सतत अनुश्रवण किया जा रहा है। मूल्यांकन से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण कर कमजोर अधिगम स्तर वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक रणनीति तैयार की जाएगी, जिससे बच्चों के सीखने के स्तर में अपेक्षित सुधार लाया जा सके। मिशन कोशिश कार्यक्रम को सफल बनाने में डायट प्रवक्ता डॉ. कमल गहतोड़ी, डॉ. आशुतोष वर्मा सहित डाइट मेंटर्स व अन्य संकाय सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा है।

## मदनापुर की आबादी भूमि से हटा अवैधा कब्जा

शाह टाइम्स संवाददाता

- आंगनबाड़ी केंद्र को मिला संरक्षण
- तहसीलदार ने मौके पर पहुंच रुकवाया अवैध निर्माण

**गदरपुर।** क्षेत्र के ग्राम मदनापुर में आबादी भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के मामले में प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। ग्राम प्रधान द्वारा शिकायत दर्ज कराई गई थी कि ग्राम मदनापुर के खसरा नंबर 758, जो 6-2 आबादी भूमि के नाम दर्ज है, पर कुछ व्यक्तियों द्वारा अवैध कब्जा कर निर्माण कार्य किया जा रहा है। शिकायत मिलने के बाद तहसीलदार देवेंद्र सिंह बिष्ट राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की।

निरीक्षण के दौरान शिकायत सही पाए जाने पर प्रशासन ने तत्काल प्रभाव से अवैध निर्माण कार्य रुकवा दिया। तहसीलदार ने बताया कि उक्त भूमि पूर्व में आंगनबाड़ी केंद्र के लिए हस्तांतरित की जा चुकी है, इसलिए इस पर किसी भी प्रकार का निजी कब्जा या निर्माण अवैध माना जाएगा। मौके पर बाल विकास विभाग के अधिकारियों को भी बुलाया गया और भूमि को विभाग के संरक्षण में लेने के निर्देश दिए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# सीमाओं की सुरक्षा में हर नागरिक की भूमिका अहमः नीम सिंह

- लोहाघाट में सीमा जागरण मंच की गोष्ठी



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** सीमाओं की सुरक्षा केवल सेना की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का भी नैतिक दायित्व है। सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सजग प्रहरी बनकर राष्ट्र की सुरक्षा पंक्ति को मजबूत करना होगा। यह बात सीमा जागरण मंच के अखिल भारतीय सह-संयोजक नीम सिंह ने नगर पालिका सभागार में आयोजित गोष्ठी में कही। उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं जहां एक ओर समुद्र से जुड़ी हैं, वहीं देश के 16 राज्य अंतरराष्ट्रीय सीमाओं से लगे हुए हैं। ऐसे में सीमावर्ती क्षेत्रों की सुरक्षा और वहां रहने वाले लोगों की जागरूकता देश की अखंडता के लिए बेहद जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विदेशी घुसपैठ के जरिए देश की डेमोग्राफी बदलने तथा सामाजिक और राजनीतिक ताने-बाने को प्रभावित करने की कोशिशें की जा रही हैं।

नीम सिंह ने कहा कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम जैसे राज्यों में अवैध घुसपैठ का असर सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था पर पड़ा है। उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए नागरिकों से सतर्क रहने और देश विरोधी गतिविधियों के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। सीमा जागरण मंच के उत्तराखंड प्रांतीय संगठन मंत्री आशीष बाजपेई ने कहा कि पूरा उत्तराखंड सीमावर्ती राज्य है और यहां रहने वाले लोग वर्षों से सैनिकों की तरह राष्ट्र की सुरक्षा में योगदान देते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सीमांत क्षेत्रों के विकास और वहां के लोगों को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किए जा रहे प्रयासों का सकारात्मक असर दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि देश में तुष्टिकरण की राजनीति राष्ट्र को कमजोर करने का काम कर रही है, जबकि देश की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता मिलनी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष आनंद सिंह अधिकारी ने भी अपने विचार रखे। गोष्ठी की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा ने की। उन्होंने कहा कि सीमा जागरण मंच राष्ट्रीय सुरक्षा और जनजागरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है तथा देश के हर नागरिक को इसमें सहभागी बनना चाहिए।

# मांगों को लेकर शिक्षकों का आंदोलन तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** अनुसूचित जाति-जनजा. ति शिक्षक एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी की ऑनलाइन बैठक शुक्रवार को विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारियों के साथ आयोजित हुई।

बैठक में एसोसिएशन की 19 सूत्रीय मांगों के समर्थन में चरणबद्ध आंदोलन चलाने की रणनीति तैयार की गई। सभी ब्लॉक पदाधिकारियों ने आंदोलन को पूरी मजबूती के साथ सफल बनाने का भरोसा जताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 26 मई को सभी ब्लॉकों की कार्यकारिणी उप जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजेगी। दूसरे चरण में 2 जून को प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। तीसरे चरण के तहत 7 जून को जिला मुख्यालय रुद्रपुर में शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में जिलाध्यक्ष हरिओम सिंह, जयपाल सिंह, सुभाष चंद्र, जसवंत भारती, हरिओम पारखी, दर्शन, रामकिशोर, जगदीश सिंह, सविता, महेश कुमार, सतपाल सिंह, महिपाल, देवेंद्र सिंह, राजू गौतम, रवि कुमार, दयाल सिंह, चंद्रेश पाल समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।


**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र दिव्यांशु जिसकी जन्मतिथि 10/08/2020 है जो की वर्तमान में नाबा. लिक है। मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम भूलवंश दिव्यांश अंकित हो गया है, जो गलत है। सही व वास्तविक नाम दिव्यांशु कोहली है जो शपथकर्ता के पास उपलब्ध अभिलेखों में दर्ज है। अतः मेरे पुत्र को दिव्यांशु कोहली नाम से जाना जाए।

**कमला देवी पत्नी गोविंद राम**
**निवासी- छीनीगोठ, टनकपुर**
**(चंपावत)**


## कच्ची शराब के साथ एक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** विशेष सघन प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी आयुक्त के आदेश पर व सहायक आबकारी आयुक्त एनआर जोशी के निर्देशन पर अवैध मादक द्रव्यों के निर्माण व बिक्री भंडारण के अड्डों को समूल विनिष्टीकरण के क्रम में अपराध निरोध क्षेत्र 4 बाजपुर के बन्नाखेड़ा रोड में दविश दी गई, जहां आबकारी टीम ने लगभग 15 लीटर कच्ची शराब बरामद की, धारा 60 आबकारी अधिनियम में 1 ज्ञात अभियोग पंजीकृत किया गया टीम में आबकारी निरीक्षक महेंद्र सिंह बिष्ट, प्रधान आबकारी सिपाही पवन कुमार कम्बोज, आबकारी सिपाही वंदना घिल्डियाल, अर्चना यादव, रेनुका बोरा मौजूद रहे।

# धैर्य, अनुशासन, एकाग्रता की प्रेरणा देता है गोल्फः राज्यपाल

## लोक भवन में तीन दिनी 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का हुआ आगाज़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के लोक भवन स्थित गोल्फ कोर्स में शुक्रवार को 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुभारंभ राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि.) ने टी-ऑफ कर किया। तीन दिनों तक चलने वाले

### इस वर्ष का टूर्नामेंट मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया




इस टूर्नामेंट में इस वर्ष विभिन्न श्रेणियों के 179 गोल्फर प्रतिभाग कर रहे हैं। इस वर्ष का टूर्नामेंट प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मेजर जनरल भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। बता दें प्रतियोगिता में 110 सामान्य श्रेणी के खिलाड़ी समेत 27 जूनियर खिलाड़ी (जिनमें 6 बालिकाएं भी शामिल हैं), 9 महिला खिलाड़ी समेत 20 वेटरन तथा 4 सुपर वेटरन श्रेणी में प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं। टूर्नामेंट में सबसे उम्रदराज 81 वर्ष के कर्नल एचसी गुप्ता और सबसे छोटी प्रतिभागी 7 वर्ष की इलाक्षी राठौड़ प्रतिभाग कर रही हैं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट केवल एक खेल आयोजन नहीं बल्कि उत्तराखण्ड की पर्यटन संभावनाओं और खेल क्षमताओं को प्रदर्शित करने का एक प्रभावशाली माध्यम है। उन्होंने इस वर्ष का टूर्नामेंट स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित करते हुए कहा कि राष्ट्र और प्रदेश के विकास के प्रति उनका समर्पण सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। उन्होंने लोक भवन गोल्फ कोर्स नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह गोल्फ कोर्स प्रकृति, वन्यजीवन संरक्षण और पर्यटन का अद्भुत संगम हैं। राज्यपाल ने कहा कि गोल्फ केवल शारीरिक कौशल का खेल नहीं बल्कि यह धैर्य, अनुशासन, लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और विपरीत परिस्थितियों में मानसिक संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि यह खेल व्यक्तित्व निर्माण के साथ आत्मिक शांति और ध्यान की भावना को भी सुदृढ़ करता है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फिट इंडिया और खेलो इंडिया विजन के अनुरूप खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो खेलेगा वही खिलेगा की भावना आज युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा दे रही है।

इस अवसर पर सचिव राज्यपाल एवं उपाध्यक्ष गोल्फ कोर्स नैनीताल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, आयुक्त कुमाऊँ मंडल दीपक रावत, अपर सचिव रीना जोशी, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. मंजूनाथ टीसी, परिसहाय राज्यपाल अमित श्रीवास्तव, मेजर सुमित कुमार, वित्त नियंत्रक डा. तृप्ति श्रीवास्तव, गोल्फ कैप्टन कर्नल (रिटायर्ड) विवेक भट्ट सहित स्थानीय प्रशासन के अधिकारी इस टूर्नामेंट के प्रायोजक, सहप्रायोजक संस्थानों के प्रतिनिधि और गोल्फर्स मौजूद रहे। इस मौके पर राज्यपाल ने लोक भवन गोल्फ कोर्स नैनीताल पर आधारित काफी टेबल बुक ए सेलिब्रेशन ऑफ गोल्फ, नेचर एंड हैरिटेज का विमोचन भी किया।

# बच्चे ही नहीं, बुजुर्ग भी दीवाने हैं नैनीताल के गोल्फ कोर्स के

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** गवर्नर्स गोल्ड कप गोल्फ का अनुभव अनोखा और निराला है, जो वृद्धों में भी उत्साह का संचार कर

### बोले-प्राकृतिक सुंदरता से लवरेज है गोल्फ कोर्स, यहां खेलने का मजा ही कुछ और



जाता है। नैनीताल के लोक भवन के समीप स्थित गोल्फ मैदान का दुनिया में कोई सानी नहीं, जो प्राकृतिक सुंदरता से लवरेज है। जहां वन्य जीवों का अद्भुत संसार बसा हुआ है। हरियाली कूट कूटकर भरी है। इस गोल्फ कोर्स का शुद्ध वातावरण और नैसर्गिक सुंदरता का कोई जवाब नहीं। देश के ही नहीं बल्कि विदेशी गोल्फर्स को भी यह मैदान अपनी ओर आकर्षित करता है। यही वजह है कि हर वर्ष देश के कोने कोने से गोल्फर्स यहां पहुंचते है। बड़ी बात यह है कि हर वर्ष गोल्फर्स की संख्या बढ़ती जाती है। ऐसे कई गोल्फर हैं जो पहले भी कई बार गोल्फ टूर्नामेंट में प्रतिभाग कर चुके हैं और इस वर्ष भी हाथ आजमाने पहुंचे हुए हैं। यह विचार गवर्नर्स गोल्ड कप में पहुंचे प्रतिभागियों के हैं।

जिन्होंने शुक्रवार को गोल्फ टूर्नामेंट में खेल के दौरान अपनी भावनाओं को मीडिया प्रतिनिधियों के समक्ष रखा। रेजिमेंट कुमाऊं कर्नल अवतार सिंह ने बताया कि कि उनकी उम्र 75 वर्ष है वह जनरल कैटेगिरि से खेल रहें हैं, नैनीताल गोल्फ क्लब में दो वर्ष पहले भी आए हुए थे, इस वर्ष काफी संख्या में खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहें हैं, अंतिम दिन 40 लोग क्वालिफाइड होंगे वह लोग फाइनल टूर्नामेंट खेलेंगे जिन्हें प्राइस दिया जाएगा, पहले यहाँ गोल्फ नहीं हुआ करता है यहां पिकनिक के लिए स्कूल के बच्चे आया करते थे तब यहाँ आने में पाबंदी नहीं थी, उत्तराखंड में देहरादून, नैनीताल व रानीखेत में ही गोल्फ खेला जाता है।

बताया कि वह 45 साल से गोल्फ खेल रहें है, यह कोर्स आम कोर्स से अलग है यह पहाड़ी कोर्स है जिसमें फिजिकल फिटनेस की आवश्यकता है, यहाँ सोच समझकर गोल्फ को मारना पड़ता है जो एक चुनौती होती है। नैनीताल नगर के सेंट मेरी कान्वेंट की छात्रा देविका टंडन ने बताया कि वह पिछले 4 साल से लोक भवन में गोल्फ खेल रही हैं जिसमें उनकी काफी रूचि रहती है और आगे भी वो गोल्फ खेलना पसन्द करेंगी, वही दिल्ली के कर्नल गोपाल सोलंकी ने कहा कि लोकभवन गोल्फ कोर्स जितना चैलेंजिंग है उतना ही आकर्षित करने वाला भी है जो दुनिया के बेस्ट गोल्फ कोर्स में स्थान रखता है। इसकी प्राकृतिक सुंदरता का कोई जवाब नहीं। इसलिए वह यहां गोल्फ खेलने चले आए हैं। नोएडा के कनिष्क शर्मा ने कहा कि यह गोल्फ मैदान तकनीकी लिहाज से अनूठा गोल्फ कोर्स है। यहां के प्रत्येक ब्रांउज में तकनीक चेंज हो जाती है। पिछले दो वर्ष से यहां गोल्फ खेलने आ रहे हैं और भविष्य में भी आना पसंद करेंगे वहीं रिटायर्ड एयर मार्शल नीरज नैनवाल ने बताया कि उनका पूरा बचपन नैनीताल में बीता हुआ है गोल्फ मैदान में कई बार आया करते थे लेकिन गोल्फ पहली बार खेला है जिसका अलग ही अनुभव है।

# गलत दिशा में घुसी बाइक से मालरोड पर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में शुक्रवार को यातायात व्यवस्था उस समय प्रभावित हो गई जब गलत दिशा से जा रहे एक बाइक सवार की कार से आमने-सामने भिड़ंत जैसी स्थिति बन गई। मामूली कहासुनी देखते ही देखते



विवाद में बदल गई और दोनों वाहन चालकों के बीच सड़क पर हाथापाई शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार मालरोड पर पहले से वाहनों की लंबी कतार लगी हुई थी। इसी दौरान एक बाइक सवार नियमों की अनदेखी करते हुए गलत दिशा से अपर मालरोड की ओर निकल गया। कैंट क्षेत्र की तरफ जाते ही सामने से आ रही कार से उसका सामना हो गया। रास्ता नहीं मिलने पर दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में मारपीट तक पहुंच गई। बीच सड़क विवाद होने से मालरोड पर यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। पर्यटक और स्थानीय लोग काफी देर तक जाम में फंसे रहे। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर टीएसआई हरीश फर्तयाल मौके पर पहुंचे और दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारु कराया। इसके बाद बाइक सवार और कार चालक को तल्लीताल थाने बुलाया गया है।

# नैनीताल जू में स्कूली बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को आकाश गंगवार (निदेशक प्राणी उद्यान, नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग) के विशेष

### अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस

दिशा-निर्देशन में नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में कई प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें प्रतियोगिता का थीम वैश्विक प्रभाव के लिए स्थानीय स्तर पर कार्य रहा। मास्क मेकिंग एक्टिविटी में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक के प्रत्येक विद्यालयों के 5 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों द्वारा अपनी कला



का प्रदर्शन करते हुए। विभिन्न प्रकार के मास्क, जिनमें वन्य प्राणियों की आकृतियां बनायी जबकि कविता लेखन में कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के प्रत्येक विद्यालयों के 2 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कविता लेखन का विषय प्रकृति की हर प्रजाति अनमोल रहा। निबन्ध लेखन में कक्षा 9 से कक्षा 12 तक के प्रत्येक विद्यालयों के 2 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। है। निबन्ध लेखन का विषय जैव विविधता जीने का आधार रहा। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल, बायोलॉजिस्ट, प्राणी उद्यान द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के कुल 150 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कुल 100 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन डा. रजनी रावत, बोटनिस्ट, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन द्वारा किया गया। इस अवसर पर स्वाति, उप निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल, आनन्द लाल वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल, जगदीश सिंह कोरंगा, वन दरोगा, अरविन्द कुमार, वन आरक्षी, नितिन मुकेश, वन आरक्षी, प्रियंका, मीना अधिकारी, भावना दोरियाल एवं प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### प्रो. हरेश राम को ग्लोबल डायमंड आईकॉन अवार्ड

**नैनीताल।** सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर और भव्या फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन जयपुर में कला साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणीय कार्य करने वाले नायकों को संस्था के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस कड़ी में राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ नैनीताल के समाजशास्त्र के सहायक प्रोफेसर हरेश राम को संस्था के द्वारा सम्मानित किया गया। डा. हरेश राम को पुरस्कार शिक्षा, शोध, नवाचार, प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक शिक्षा व्यवस्था में नवाचार विषय पर उनकी प्रस्तुति के उपलक्ष्य में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। उन्होंने अपना यह पुरस्कार अपनी माता जी को समर्पित किया। पुरस्कार में प्रशस्ति पत्र अंग वस्त्र और प्रतीक चिन्ह के साथ जयपुर की टोपी उनको प्राप्त हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर नगेंद्र दिवेदी, डा. माया शुक्ला, डा. हरीश चंद्र जोशी, डा. निर्मला रावत, नीम पन्त, तनुजा जोशी, कविंद्र प्रसाद, गणेश सिंह, कुंदन गोस्वामी, कमलेश सहित समस्त महाविद्यालय स्टाफ ने उनकी इस कामयाबी पर उनको बधाई प्रेषित की।

### नैनीताल की सड़कों पर यातायात फंसा

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन शुरू होते ही नैनीताल की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराती नजर आ रही है। शुक्रवार को भी शहर में दिनभर जाम की स्थिति बनी रही। भवाली रोड और हल्द्वानी रोड पर कई बार वाहन रेंग-रेंग कर चलते दिखाई दिए जिससे पर्यटकों और स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण स्थानीय व्यापारियों, स्कूली बच्चों और कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लोगों ने प्रशासन से प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करनेए सड़क किनारे पार्किंग पर सख्ती करने और अतिरिक्त पार्किंग व्यवस्था बनाने की मांग की है। एसपी डा. जगदीश चंद्र ने बताया कि भीड़ बढ़ने पर डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा। साथ ही अस्थाई पार्किंग स्थलों पर वाहनों को रोक पर्यटकों के लिए शटल वाहन लगाए जाएंगे।

### जंगल की आग पर फायर टीम ने पाया काबू

**नैनीताल।** मल्लीताल स्थित वीर भट्टी क्षेत्र में वीरवार को देर रात जंगल में लगी आग ने आसपास के आवासीय भवनों के लिए खतरा पैदा कर दिया। सूचना मिलते ही अग्निशमन केंद्र मल्लीताल की टीम मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार वीरवार की रात लगभग सवा नौ बजे प्रेमा जगाती छात्रावास वीर भट्टी के पास जंगल क्षेत्र में आग लगने की सूचना फायर स्टेशन मल्लीताल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही फायर यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंचने पर आग तेजी से जंगल से आवासीय भवनों की ओर बढ़ रही थी। फायर कर्मियों ने फायर टेंडरों के माध्यम से पानी की बौछार कर आग को पूरी तरह बुझाया और आग को अन्य क्षेत्रों में फैलने से रोक दिया। इस दौरान अग्निशमन विभाग के प्रकाश मेर, महेश जोशी, फायरमैन किशोर सिंह व रविंद्र सिंह और विवेक थापा मौजूद रहे।

### नैनीताल पुलिस में बड़ा फेरबदल, 51 इधर से उधर

**नैनीताल।** पर्यटन सीजन को देखते हुए एसएसपी डा. मंजुनाथ टीसी ने पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए निरीक्षकों समेत 51 पुलिसकर्मियों के तबादले किए हैं। नई तैनातियों के तहत निरीक्षक हरपाल सिंह को कोतवाली तल्लीताल और निरीक्षक राजेंद्र सिंह रावत को कोतवाली मल्लीताल की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महिला उपनिरीक्षकों को भी अहम जिम्मेदारियां दी गई हैं। उपनिरीक्षक बबिता को भुजीयाघाट चौकी, राधिका भंडारी को मंगोली चौकी, दीपा जोशी को आरटीओ चौकी और कुसुम धानिक को दमुवाढूंगा चौकी का प्रभार दिया गया है। इसके अलावा काठगोदाम, रामनगर, मुखानी, लालकुआं, बनभूलपुरा, मुक्तेश्वर, बेतालघाट, खनस्यूं और हल्द्वानी समेत कई थानों और चौकियों में उपनिरीक्षकों व एसएसआई स्तर पर व्यापक बदलाव किए गए हैं। पुलिस विभाग का कहना है कि पर्यटन सीजन में कानून व्यवस्था और यातायात संचालन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से यह फेरबदल किया गया है।

### रूसी बाईपास में सिलिंडरों से भरा ट्रक पलटा

**नैनीताल।** नगर के समीप रूसी बाईपास क्षेत्र में एचपी गैस सिलिंडरों से भरा एक ट्रक देर रात अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरातफरी मच गई। गनीमत रही कि ट्रक खाई की ओर गिरने के बजाय पहाड़ी की तरफ पलटा जिससे बड़ा हादसा टल गया। पुलिस के अनुसार अल्मोड़ा निवासी चालक दीपक रात करीब 11 बजे नैनीताल से एच पी के खाली गैस सिलिंडरों से भरा ट्रक लेकर सितारगंज की ओर जा रहा था। इसी दौरान रूसी बाईपास के पास चालक को नींद की झपकी आ गई जिससे ट्रक अनियंत्रित होकर मोड़ पर पलट गया। हादसे के दौरान चालक का पैर ट्रक में फंस गया। सूचना मिलने पर तल्लीताल पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को सुरक्षित बाहर निकालकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। एएसआई सुनील कुमार ने बताया कि चालक को गंभीर चोट नहीं आई है। बताया कि ट्रक में खाली सिलिंडर थे।

### प्रकृति संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता

**अल्मोड़ा।** अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस पर मानसखण्ड विज्ञान केंद्र में जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जैव विविधता संरक्षण, स्थानीय समुदायों की भूमिका और प्रकृति संरक्षण में जनभागीदारी पर चर्चा हुई। मुख्य वक्ताओं डा. संदीप कुमार और ई. दीप चंद्र बिष्ट ने पारिस्थितिक संतुलन, लाभदायक कीटों और मौनपालन के महत्व पर जानकारी दी।

# 79 यूके बटालियन एनसीसी में ग्रुप कमाण्डर रिची रंजन ने किया दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड ग्रुप मुखयालय का कार्यभार ग्रहण करने के बाद ग्रुप कमाण्डर कोमोडोर रिची रंजन ने शुक्रवार को 79 यूके बटालियन एनसीसी नैनीताल का प्रथम दौरा किया। बटालियन मुखयालय पहुँचने पर कमान अधिकारी कर्नल अविजित मेहता समेत अधिकारियों तथा पीआई स्टाफ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर कोमोडोर रिची रंजन का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर कमान अधिकारी कर्नल अविजित मेहता ने ग्रुप कमाण्डर को बटालियन की गतिविधियों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बटालियन की ओर



से कैडेट्स के सर्वांगीण विकास के लिए नियमित प्रशिक्षण, सामाजिक जागरूकता अभियान तथा साहसिक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। उन्होने बटालियन का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय, स्टोर, प्रशिक्षण क्षेत्र और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बटालियन की कार्यप्रणाली, अनुशासन और कैडेट्स के प्रशिक्षण स्तर पर उन्होंने संतोष व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों और स्टाफ को कैडेट्स में नेतृत्व क्षमता और राष्ट्र सेवा की भावना को और सशक्त करने के लिए प्रेरित किया।

# नरेश पांडे का अग्रिम ज़मानत प्रार्थना पत्र स्वीकार्य

## जिला कोर्ट ने सुनवाई के बाद प्रार्थना पत्र को रजिस्टर दर्ज कर राज्य सरकार से विस्तृत आख्या रिपोर्ट मांगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी की अदालत ने एक युवती से दुराचार करने के आरोपी नरेश पाण्डे द्वारा दायर अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को सुनवाई के लिए कानूनी रूप से स्वीकार्य (संधारणीय) माना है। मामला थाना मल्लीताल में दर्ज अपराध संख्या 19/2026 से जुड़ा है जिसमें आरोपी पर भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 351(2) और धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता ने आरोपी पर उसकी 17 वर्ष की उम्र से भविष्य में शादी करने का झांसा देकर लैंगिक शोषण करने का आरोप लगाया है। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच कानूनी पक्ष पर विस्तृत बहस हुई।

राज्य सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने तर्क दिया कि दण्ड प्रक्रिया संहिता (उत्तराखण्ड संशोधन) विधेयक 2019 के प्रावधानों के तहत यह याचिका विचारणीय नहीं है। वहीं आरोपी के वकील संजय सुयाल और वीसी के माध्यम से जुड़े पंकज कुलौरा ने दलील दी कि वर्तमान मामला भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 65 तथा 70 के अंतर्गत नहीं आता है और न ही इस मामले में पोक्सो एक्ट की धाराएं लगाई गई हैं इसलिए अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई की जा सकती है। न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों और कानूनी धाराओं का गहनता से अनुशीलन करने के बाद यह निष्कर्ष निकाला कि आरोपी पर वर्तमान में जो धाराएं लगाई गई हैं उनके मद्देनजर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 482(4) या उत्तराखण्ड संशोधन अधिनियम के तहत अग्रिम जमानत पर कोई कानूनी रोक प्रभावी नहीं होती है। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वर्तमान चरण में केवल जमानत याचिका की स्वीकार्यता पर विचार किया जा रहा है न कि अपराध की विस्तृत विवेचना पर। इस आधार पर अदालत ने याचिका को विधितः संधारणीय माना है। सत्र न्यायालय ने आदेश जारी करते हुए नरेश पाण्डे की अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र को आधिकारिक रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही अदालत ने राज्य सरकार को इस संबंध में नोटिस जारी कर संबंधित थाने से विस्तृत आख्या (रिपोर्ट) तलब की है। कोर्ट ने पुलिस प्रशासन से प्रार्थी/अभियुक्त का यदि कोई आपराधिक इतिहास हो तो उसकी जानकारी भी मांगी है। इस मामले में अगली सुनवाई और आपत्ति दाखिल करने के लिए 26 मई की तिथि निर्धारित की गई है।

### हत्या मामले में दो मुख्य आरोपियों की जमानत खारिज

**नैनीताल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत जोशी की अदालत ने हत्या के चर्चित मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए दो मुख्य आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी रोहित सिंह बिष्ट और कमल सिंह बिष्ट ने बीएनएस की धारा 103(1), 238 और 3(5) के तहत जमानत अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए बताया कि मृतक दिनेश चंद्र उपाध्याय को घटना से पहले और बाद में आरोपियों के साथ सीसीटीवी फुटेज में देखा गया। वहीं कॉल डिटेल रिकॉर्ड से भी आरोपियों के बीच बातचीत की पुष्टि हुई है।

# 'कॉकरॉच जनता पार्टी' का हल्द्वानी में भी जबरदस्त क्रेज़

## सोशल मीडिया पर छाईः चाय की दुकानों, बाजारों और आम बातचीत तक हर जगह चर्चा

**शाहवेज़ खान/(शाह टाइम्स)**

**हल्द्वानी।** सोशल मीडिया पर भयंकर तूफान लाने वाली 'कॉकरॉच जनता पार्टी' (सीजेपी) के असर से उत्तराखंड ही नहीं बल्कि शहर भी अछूता नहीं रहा। महानगर में कॉकरॉच जनता पार्टी की न सिर्फ सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है बल्कि मेल मुलाकातों में भी लोगों की जुबान पर कॉकरॉच जनता पार्टी छाई हुई है।

हल्द्वानी के लोग न कॉकरॉच जनता पार्टी पर अलग-अलग राय व्यक्त कर रहे हैं। समाज का हर तबके को इसने अपनी ओर आकर्षित किया है। भले ही केन्द्र सरकार ने कॉकरॉच जनता पार्टी के सोशल मीडिया अकाउंट पर बैन लगा दिया हो लेकिन जिस तेज़ी के साथ इस व्यंग्यात्मक




पार्टी ने सोशल मीडिया पर 'तबाही' मचाई उसने न सिर्फ लोगों का खूब मनोरंजन किया बल्कि लोगों को सोचने पर भी मजबूर किया और सिस्टम पर भी कटाक्ष का मौका लोगों को खूब मिला।

भारत के चीफ जस्टिस की एक टिप्पणी देश के यूथ को इस कदर प्रभावित कर सकती है कि सोशल मीडिया पर एक अजीब कैंपेन शुरू हो गया। अमेरिका की बोस्टन यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे महाराष्ट्र के एक युवा अभिजीत दीपके ने सीजेआई की टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया कैंपेन शुरू किया और बेरोज़गारों तथा आलसी युवा होने की शर्त पर युवाओं से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया और देखते ही देखते कॉकरॉच जनता पार्टी के सोशल मीडिया अकाउंट पर 18 मिलियन से अधिक फालोअर्स हो गए। सोशल मीडिया पर कारवां इस कदर बढ़ा कि इसने देश में एक बहस छेड़ दी। हालांकि अकाउंट अब बैन हो गए हैं लेकिन जनता के बीच इस पार्टी का क्रेज़ खत्म नहीं हो रहा है। फैन फॉलोइंग में कॉकरॉच जनता पार्टी भाजपा-कांग्रेस से सोशल मीडिया में दो-चार दिन में ही आगे निकल गयी थी। लोग कॉकरॉच जनता पार्टी को लेकर खूब व्यंग्यात्मक चर्चा करते दिख रहे हैं। आम बातचीत में भी कॉकरॉच लोगों की जुबान पर आ गया है। घरों में पाया जाने वाला कॉकरॉच अचानक लोगों की जुबान पर आ गया और देखते ही देखते छा गया। सीजेपी को लेकर लोगों में इस कदर तक खुमार छाया हुआ है कि सोशल मीडिया पर हर तरफ इसके चर्चे हो रहे हैं और लोग खुद को इससे जोड़कर व्यंग्यात्मक मज़े ले रहे हैं। हल्द्वानी में कालेज छात्रों, युवाओं और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं के बीच इस विषय पर खूब बहस हो रही है। विपक्षी दलों के कुछ स्थानीय नेताओं ने भी कॉकरॉच जनता पार्टी के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा किए।

# पैड्स नष्ट करने के लिए इंसीनरेटर लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** आशा फाउंडेशन ने शुक्रवार को कुविवि के डीएसबी कालेज में माता जिया रानी महिला अध्ययन केंद्र एवं आंतरिक शिकायत




समिति कुविवि के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम आयोजित किया। इसके तहत बालिकाओं को माहवारी के समय में होने वाली परेशानियों से अवगत कराते हुए उनको कैंसर के प्रति सचेत किया गया। अध्यक्ष आशा शर्मा का कहना है कि किसी भी मुहिम का उद्देश्य युवाओं के बिना अधूरा है। हमें युवाओं को जागरूक करने की ज्यादा जरूरत है क्योंकि कैंसर जैसी महामारी आजकल युवाओं में भी बहुत देखने को मिल रही है। परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा जो बालिकाओं के स्वास्थ्य को लेकर बहुत संजीता हैं उनके आग्रह पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने बाजार में मिलने वाली पैड्स से होने वाले पर्यावरण को हानि से अवगत कराते हुए उसके दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया। आज कालेज परिसर में इस्तेमाल की गई सैनेटरी पैड्स को नष्ट करने हतु फाउंडेशन द्वारा इंसीनरेटर लगाया गया। बाजार में मौजूद पैड्स को कचरे में फेंकने से पर्यावरण पर बहुत दुष्प्रभाव होता है और इनकी नष्ट होने की सीमा अनिश्चित है। इसी लिए फाउंडेशन द्वारा इंसीनरेटर लगाया जाता है कि हम अपना जीवन और पर्यावरण को बेहतर बना सकें। फाउंडेशन के सचिव निश्चल शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। आशा शर्मा का शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस दौरान नीलू एल्हंस, बच्ची सिंह नेगी आदि मौजूद थे।

**सूचनाः सम्बंध विच्छेद**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र रोहित व पुत्रवधु शिवानी (पत्नी रोहित कुमार) मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ अभद्रता व गलत व्यवहार करते हैं।

अतः मैने इन्हें अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इनके किसी भी कृत्य की मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

दौलत राम पुत्र स्व. रामचरण सिंह
निवासी- वार्ड नं.-5, कालाढूंगी
जिला नैनीताल।

